हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359300*

क्रमांक 1862/सेमे.परीक्षा/प्रवेशपत्र/2024 दुर्ग, दिनांक 03.05.2024

//अधिसूचना//

-:सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2024 हेतु प्रवेश पत्र (Admit Card):-

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं (द्वितीय/चतुर्थ/षष्टम एवं एलएलबी/एलएलएम प्रथम/तृतीय/पंचम –एटीकेटी) मई–जून 2024 निर्धारित समय सारणी अनुसार दिनांक 17.05.2024 से प्रारंभ हो रही है। परीक्षाएं निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में **प्रातः 09:00 से दोपहर 12:00 बजे** तक आयोजित की जावेगी।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र **दिनांक 04.05.2024** से विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.durguniversity.ac.in** अथवा https://durg.ucanapply.com के माध्यम से डाउनलोड किए जायेंगे।

प्रवेश पत्र के लिये परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन फार्म भरते समय उपयोग की गई यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए www.durguniversity.ac.in के **Quick Link** पर **Admit Card-Semester Exam 2024 पर** जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

अथवा

https://durg.ucanapply.com **पर** जाकर **Student (Click here to login portal)** पर **Click** कर अपने यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर लॉगइन कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि परीक्षार्थी अपना पासवर्ड भूल गयें हैं तो Forgot Password पर Click कर User Name और E-Mail ID अथवा मोबाईल नम्बर का प्रयोग कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र प्राप्त करने के बाद अपने संबंधित परीक्षा केन्द्र पर जाकर केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं केन्द्र की सील लगवाना सुनिश्चित करें।

परीक्षार्थी डाउनलोड किए गये प्रवेश पत्र (Admit Card) का भलीभांति अवलोकन कर परीक्षण कर लेवें। परीक्षा फार्म भरते समय हुई त्रुटि के कारण प्रवेश पत्र में आंशिक त्रुटि हो सकती है, ऐसी स्थिति में यथाशीघ्र विश्वविद्यालय आकर सुधार करा लेवें ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। **परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालयों द्वारा जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन ऑनलाईन माध्यम से वेरिफाई किए गये हैं केवल उन्हीं परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे।**

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये प्रवेश पत्र के साथ समय सारणी एवं परीक्षा केन्द्रों की सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र. 1863 /सेमे.परीक्षा/प्रवेशपत्र/2024 दुर्ग, दिनांक 03.05.2024

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
2. उ.कु.स. गोपनीय/परीक्षा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
3. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजसहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ।
4. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, को इस निवेदन के साथ कि कृपया इसे छात्रहित को ध्यान में रखते हुए अपने दैनिक समाचार में प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)